यूटीयू ने जीती स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन प्रतियोगिता

■ विजेता टीम को मिला एक लाख रुपये का पुरस्कार

■सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय(यूटीयू) के कैम्पस संस्थान सीमान्त इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट पिथौरागढ़ के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। छात्रों ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन जीत कर अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जयपुर (राजस्थान) में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन प्रतियोगिता के फाइनल राउण्ड में सभी टीमों को पछाड़ते हुए पिथौरागढ़ के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया। विजेता टीम को एक लाख रूपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई है। कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने छात्रों के प्रदर्शन पर हर्ष जताते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि विवि द्वारा 27 जनवरी को अपने स्थापना दिवस पर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को सम्मानित किया जायेगा।

विजेता टीम (द टाइम ट्रेवलर्स) में संस्थान के छात्र मंथन जोशी, लोकेश पाण्डे, शुभम जोशी, गुरुमीत सिंह, प्लाक्षा जोशी, रश्मि भारती व टीम मेंटर ज्योति जोशी (विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग) शामिल थे। वहीं कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने बृहस्पतिवार को स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग संस्थान (नई टिहरी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कुलपति ने शैक्षणिक वातावरण को और अधिक विकसित करने के लिए फैकल्टी डेवेलपमेंट प्रोग्राम कराने व लैब को विकसित करने का निर्देश दिया।